# HAPUR POLICE

## प्रेस नोट

**थाना - हापुड़ पुलिस** **दिनांक 17.08.2026**

**सीसीटीवी कन्ट्रोल रूप प्रभारी व यातायात पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए ई-रिक्शा में छूटा बैग को उसके स्वामी को किया सुपुर्द ।**

**संक्षिप्त विवरणः-**



श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कुँवर ज्ञानंजय सिंह द्वारा समस्त पुलिस कर्मियों को बार-बार निर्देशित किया जाता है कि आपात स्थिति, किसी विषम परिस्थिति, घटना एवं दुर्घटना में अतिशीघ्र मौके पर पहुंचकर पीड़ित को हरसंभव सहायता प्रदान की जाए ।

इसी क्रम में आज दिनांक 17.08.2026 को सीसीटीवी कन्ट्रोल रूप प्रभारी को सूचना मिली कि एक यात्री जो ई-रिक्शा से स्वर्ग आश्रम रोड से तहसील चौपला हापुड़ आया था, जल्दबाजी और भीड-भाड होने के कारण उनका बैग जिसमें घर-परिवार का आवश्यक सामान था ई-रिक्शा में छूट गया है । उक्त सूचना पर सीसीटीवी कन्ट्रोल रूप प्रभारी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सीसीटीवी कैमरो व यातायात पुलिस की सहायता से ई-रिक्शा को तलाश कर ई-रिक्शा मे छूटे बैग को बरामद कर यात्री को सुपुर्द किया गया ।

"हापुड़ पुलिस द्वारा किये गये इस सराहनीय कार्य की यात्री द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई"

**बरामद करने वाली पुलिस टीमः-**

1. रेडियो उ0नि0 श्री रणवीर सिंह प्रभारी सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम जनपद हापुड़ ।
2. है0का0 478 मंजीत त्यागी यातायात पुलिस जनपद हापुड़ ।